भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16. महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट :www.bsgindia.org ईमेल आईडी :info@bsgindia.org दूरभाष :+91-11-23370724 . 23378667

परिपत्र संख्या : 46 / 2020

दिनांक : 18 अप्रैल, 2020

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषय :- आभासी राष्ट्रीय योजना समिति बैठक।

महोदय/महोदया,

आशा है राज्य संघ में सभी सदस्य सुरक्षित एवं स्वस्थ होंगे।

हम प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कोविड - 19 से निपटने हेतु विभिन्न सेवाओं के लिये राज्य / जिला एवं स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिये राज्य संघ में आपको और आपकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। समुदाय को प्रदान की गई हमारी उत्साही एवं अमूल्य सेवाओं को सरकार, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं अन्य लोगों द्वारा अत्यंत सराहा गया है। कृपया हमारे सभी कोविड - 19 योद्धाओं को हमारी ओर से प्रशंसा एवं आभार व्यक्त करे।

आपको यह सूचित किया जाता है कि हम जूम वेबिनार के माध्यम से 30 अप्रैल 2020 को स्वयं 04:00 बजे आभसी राष्ट्रीय योजना समिति की ऑनलाइन बैठक करना चाहेंगे। ऑनलाइन लिंक क्रमशः आपके मोबाइल (व्हाट्सएप) एवं ईमेल आई डी पर भेजा जायेगा।

चूँकि हम सभी देशव्यापी लॉकडाउन के अधीन है, अतः आइये हम ऑनलाइन बैठक के माध्यम से संगठन के गुणात्मक एवं संख्यात्मक विकास से संबंधित विषय पर चर्चा करने के अवसर का उपयोग करें।

बैठक का एजेंडा निर्धारित समय में प्रेषित कर दिया जायेगा।

बैठक जूम वेबिनार के माध्यम आयोजित की जायेगी।

निम्नलिखित का पालन किया जाना है :-

01. एक वैध ईमेल और जूम के लिये पृथक पासवर्ड के साथ https://zoom.us/ में पंजीकरण करने की आवश्यकता है।
02. जूम का उपयोग करते समय आपको सदैव आपनी पंजीक्रत जूम आई डी से लॉगइन करना चाहिये और फिर बैठक में भाग लेना चाहिये।
03. प्रत्येक बैठक की एक नई वैध मीटिंग आई डी एवं बैठक में भाग लेने हेतु एक यूनीक पासवर्ड होगा, कृपया इसे दूसरों के साथ साझा न करें और न ही किसी व्हाट्सएप ग्रुप में फावर्ड करें।
04. एक बार जूम वेबिनार हेतु मीटिंग लिंक तैयार हो जाने के पश्चात् इसे आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर साझा किया जायेगा, जिसे आप हमारे साथ साझा करेंगे।
05. बैठक में भाग लेने के दौरान सदैव अपने मूल नाम के साथ लॉगइन करें जिससे कि मेजबान आपकी पहचान कर सके एवं आपकी उपस्थिति को अवरुद्ध न करे।
06. यदि नाम दिखाई न देने वाला या अज्ञात है, तो मेजबान आपको बेबिनार से हटा सकता है और वापस स्वीकार नहीं करेगा।
07. जब आप बैठक में शामिल होने जा रहे हों तो न्यूनतम 1 जी बी डेटा उपलब्ध हो जिससे कि आपको आडियो और वीडियो की गुणवत्ता में समस्या सामना न करना पड़े।
08. मेबाइल फोन का उपयोग करने के स्थान पर अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप से जूम मीटिंग को कनेक्ट करने को प्राथमिक्ता दें।
09. जब आप स्क्रीन पर हों तो बोलने के समय कृपया अपने वीडियो और ऑडियो को चालू करें। शेष समय में कृपया अपने ऑडियो को म्यूट पर रखें।

10. यदि आप स्क्रीन में बात करना पसंद करते हैं तो हेंड राइज बटन का उपयोग करें जिससे कि इसे प्रस्तुतकर्ता को अधिसूचित किया जा सके और वे आपको स्क्रीन पर बात करने की अनुमति दे सकें।

11. जब आप जूम मीटिंग या जूम वेबिनार में हों तो किसी भी अनजान नंबर के फोन कॉल को अटेंड न करें।

धन्यवाद

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि प्रस्तुत : माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को सादर सूचनार्थ प्रस्तुत।

प्रतिलिपि :-

01- समस्त राज्य सचिव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, भारतीय संघ से अनुराध है कि वे राज्य मुख्य आयुक्त की व्यक्तिगत ई मेल आई डी को अग्रेषित करें, ताकि राज्य मुख्य आयुक्त जूम वेबिनार की ऑनलाइन बैठक में भाग लेने में सक्षम हो सकें। यदि राज्य मुख्य आयुक्त बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं, तो किसी एक राज्य आयुक्त की ई मेल आई डी और व्हाट्सएप नंबर को अग्रेषित किया जा सकता है ताकि वे उक्त बैठक में भाग ले सकें।